# कार्यालय प्राचार्य शासकीय नवीन महाविद्यालय हसौद, जिला – सक्ती (छ.ग.)

क्रं./ 21 / ज.भा.स./विज्ञापन/ 2025 हसौद, दिनांक – 26/04/2025

## जनभागीदारी शिक्षक हेतु विज्ञापन

शासकीय नवीन महाविद्यालय हसौद जिला – सक्ती (छ.ग.) में सत्र 2024–25 के शेष अवधि अध्यापन व्यवस्था हेतु जनभागीदारी समिति निधि से निर्धारित मानदेय (10000/–) प्रतिमाह पर अध्यापन कार्य हेतु इच्छुक आवेदको के आवेदन पत्र दिनांक–**04/05/2025** तक शाम–05.00 बजे तक आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते है। इच्छुक उम्मीदवार अपने समस्त प्रमाण–पत्रों की सत्यापित छायाप्रति एवं बायोडाटा कार्यालय में व्यक्तिगत रूप से अथवा पंजीकृत डाक से निर्धारित समयावधि में भेजकर जमा कर सकते है। विलंब से प्राप्त आवेदन पर कोई विचार नही किया जाएगा।

| क्रं. | विषय | पद संख्या |
|---|---|---|
| 01 | समाजशास्त्र | 01 |

**आवश्यक शैक्षणिक अर्हता एवं अन्य शर्ते –**

1. जनभागीदारी शिक्षक के लिये न्यूनतम अर्हता विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (विश्वविद्यालय और महाविद्यालयों में शिक्षकों और अन्य शैक्षिक कर्मचारी की नियुक्ति हेतु न्यूनतम अर्हताएं तथा उच्चतर शिक्षा में मानकों के रख–रखाव हेतु अन्य उपाय) विनियम, 2018 के प्रावधानों के अनुरूप होगी। विनियम 2018 के अंतर्गत संबंधित विषय में स्नातकोत्तर स्तर पर न्यूनतम 55 प्रतिशत अंक होने चाहिए परन्तु अन्य पिछड़ा वर्ग (असम्पन्न वर्ग), अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति एवं दिव्यांगजन अभ्यर्थियों के लिये स्नातकोत्तर स्तर पर न्यूनतम 50 प्रतिशत अंक होने चाहिए।
2. चयन प्रक्रिया मेरिट के आधार पर एवं यू.जी.सी./उच्च शिक्षा विभाग छ.ग. शासन द्वारा समय–समय पर जारी निर्धारित मापदण्डो के अनुरूप की जायेगी।
3. यह व्यवस्था सत्र् 2024–25 के आवश्यकतानुसार ही होगी।
4. प्राचार्य के विशेषाधिकार से पदो के संख्या में कमी/वृध्दि/निरस्त किया जा सकेगा।
5. यह सेवा पूर्णतः अस्थायी एवं अंशकालीन है। जनभागीदारी समिति के निर्णय/आवश्यकता न होने पर आपकी सेवा बिना पूर्व सूचना के प्राचार्य द्वारा समाप्त की जा सकेगी।
6. जनभागीदारी शिक्षको की सेवाये भविष्य में नियमितीकरण का आधार नही होगा और न ही वे अधिमानक बर्ताव के हकदार होगें।
7. यह नियुक्ति सत्र् 2024–25 के शेष अवधि या पूर्व में कार्यरत् अतिथि व्याख्याता के अवकाश से वापस आने तक ही रहेगी।
8. प्राचार्य/विभागाध्यक्ष द्वारा सौपे गये महाविद्यालय के अन्य कार्य भी पूर्ण करने होगें।

**नोटः– आवेदन पत्र के लिफाफे के ऊपरी भाग पर जनभागीदारी शिक्षक हेतु आवेदन पत्र के साथ विषय का नाम लिखना अनिवार्य है।**

प्राचार्य
शासकीय नवीन महाविद्यालय हसौद
Principal
Govt Navin College, Hasoud
Distt Sakti (C G)

पृ. क्रं/ 22 / ज.भा.स./विज्ञापन/ 2025 हसौद, दिनांक – 26/04/2025

प्रतिलिपि :–

01. आयुक्त उच्च शिक्षा संचालनालय नया रायपुर छ.ग. को सूचनार्थ।
02. अपर संचालक क्षेत्रीय कार्यालय उच्च शिक्षा विभाग बिलासपुर को सूचनार्थ।
03 कलेक्टर जिला – सक्ती छ.ग. को सूचनार्थ।
04. प्राचार्य क्रांति कुमार भारती अग्रणी महाविद्यालय सक्ती को सूचनार्थ।

प्राचार्य
शासकीय नवीन महाविद्यालय हसौद
Principal
Govt Navin College, Hasoud
Distt Sakti (C G)